बरेली, गुरुवार
10 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV BOTTOM

# एसआरएमएस में पांच मरीजों का निशुल्क किया जाएगा आपरेशन



एसआरएमएस में लकी ड्रा निकालते चेयरमैन देव मूर्ति साथ में आदित्य मूर्ति • सौ संस्थान

जासं, बरेली: एसआरएमएस मेडिकल कालेज की 23 वीं वर्षगांठ पर लगाए गए सर्जरी कैंप में रजिस्ट्रेशन करने वाले पांच मरीजों का निशुल्क आपरेशन किया जाएगा। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने लकी ड्रा निकालकर इसकी घोषणा की। सर्जरी कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने वाले अन्य को 50 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है।

मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह ने कहा कि चार जुलाई को स्थापना दिवस पर संस्थान में पांच दिवसीय मिनिमल इनवेसिव सर्जरी कैंप लगा। दूरबीन विधि से आपरेशन के लिए लगे इस कैंप में 284 मरीजों की गैस्ट्रो सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलाजी, कास्मेटिक सर्जरी, इंटरवेंशनल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनी सर्जरी, नेत्र सर्जरी, आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, नाक, कान व गला सर्जरी की गई।